फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.), मुकाम–सिरोही(राज.)

प्रार्थीया — अप्रार्थी

श्रीमति बसन्ता डांगी पुत्री श्री मोहनलाल पत्नि सोमेन्द्र डांगी जाति मेघवाल नि. मण्डवारीया तहसील व जिला सिरोही बनाम 1.स्टेट, जरिये तहसीलदार, सिरोही

किस्म मुकदमा,
राजस्व प्रा.पत्र अ.धारा 136 एल.आर एक्ट — रा.प्रा.पत्र सं. 38/2024

दिनांक	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
24–12–24	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी की ओर वकील श्री संजय माली व स्टेट की ओर से पेरोकार सरकार उपस्थित । अप्रार्थी स्टेट ने जरिये पत्रांक/कोर्ट/2024/1239 दिनांक 03–12–2024 से प्रस्तुत जवाब को शामिल पत्रावली की गई, प्रति वकील प्रार्थी को उपलब्ध करवाई गई। तहसीलदार सिरोही से प्राप्त जवाब अनुसार मौजा मण्डवारीया के जमाबंदी संवत् 2071–74 के खाता संख्या 238 के खसरा संख्या 389 व 52 कुल रकबा 3.0600 है0 में प्रार्थीया का नाम वर्षा पुत्री मोहनलाल दर्ज है। प्रार्थीया द्वारा पेश किये आधार कार्ड, राशन–कार्ड, वोटर पहचान पत्र, पेन कार्ड, जाति प्रमाण–पत्र अनुसार बसंता डांगी दर्ज है । अतः मौजा मण्डवारीया के जमाबंदी संवत् 2071–74 के खाता संख्या 238 के खसरा संख्या 389 व 52 कुल रकबा 3.0600 है0 में प्रार्थीया का नाम वर्षा पुत्री मोहनलाल के स्थान पर बसंता डांगी पुत्री मोहनलाल किया जाना उचित होना बताया है। प्रकरण में वकील प्रार्थी व पेरोकार सरकार द्वारा अंतिम बहस हेतु निवेदन पर वकील प्रार्थी व पेरोकार सरकार की अंतिम बहस सुनी गई। हमने वकील प्रार्थी व परोकार सरकार की अंतिम बहस का गंभीरता पूर्वक मनन किया, विचरण प्रकरण की सम्पूर्ण पत्रावली व दस्तावेजात व स्टेट द्वारा प्रस्तुत जवाब का भी गहनतापूर्वक अवलोकन कर उस पर मनन किया । सम्पूर्ण प्रकरण के विवेचन के उपरान्त प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र अधारा 136 एल.आर एक्ट का तहसीलदार से प्राप्त जवाब के आधार पर स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाकर तहसीलदार सिरोही को आदेश दिया जाता है कि मौजा मण्डवारीया के जमाबंदी संवत् 2071–74 के खाता संख्या 238 के खसरा संख्या 389 व 52 कुल रकबा 3.0600 है0 में प्रार्थीया का गलत नाम वर्षा पुत्री मोहनलाल के स्थान पर बसंता डांगी पुत्री मोहनलाल संशोधन कर उक्तानुसार राजस्व रेकर्ड ज़मांबंदी अपडेट कर पालना से इस न्यायालय को अवगत करावें लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.) सिरोही लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (उपखण्ड अधिकारी) सिरोही (राज०)	